b>

Title: Need to release funds for construction of National Highway No. 103 between Hijipur and Bhusri Gharai Chowk in Bihar- Laid.

श्री मंजय लाल (समस्तीपुर) : अध्यक्ष महोदय, राज्यों के विकास में सड़कों की उपलब्धता बहुत ही महत्वपूर्ण है। आमतौर पर बिहार में सड़कों की हालत बहुत ही दयनीय है। जिस सड़क का चयन राट्रीय राजमार्ग के लिए हो गया है। बिहार सरकार यह कह कर उसकी मरम्मत नहीं कराती कि अब उसकी मरम्मत का काम केन्द्र सरकार के पैसों से होगा। राट्रीय राजमार्ग संख्या 103 जो वैशाली जिला के हाजीपुर से चलकर जनदाह होते हुए समस्तीपुर जिला के भुसरी घरारी चौक पर राट्रीय राजमार्ग संख्या 28 से मिलती है और जिसका शिलान्यास मा0 केन्द्रीय मंत्री, सड़क परिवहन एवं राट्रीय राजमार्ग द्वारा हाजीपुर में किया गया था, इस सड़क की मरम्मत राज्य सरकार या केन्द्र सरकार द्वारा नहीं हुयी है। बिहार सरकार द्वारा सड़क के दो भाग कर मरम्मत के लिए केन्द्र सरकार से पैसा मांगा गया है। परन्तु केन्द्र से पैसा नहीं गया है। वर्तमान में सड़क की हालत चलने लायक नहीं है। लोगों को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि बिहार के चयनित राजमार्ग संख्या 103 का निर्माण जनहित में शीघ्र करायें।